# NMMSS November – 2025
# SET : A

अनुक्रमांक (अंकों में) : | | | | | | | |
Roll No. (In Figures)

बुकलेट क्रमांक एवं ओ०एम०आर० क्रमांक
Booklet Serial No. & O. M. R. Serial No.

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ________________
Roll No. (In Words)

परीक्षा केन्द्र का नाम : ________________
Name of Examination Centre

अभ्यर्थी का नाम : ________________
Name of Candidate

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर :** ________________
**Signature of the Candidate**

| *इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या*<br>*No. of Pages in this Question Booklet* | **64** | *प्रश्नों की संख्या*<br>*No. of Questions* | **180** | *समय*<br>*Time* | **3 hours** |
|---|---|---|---|---|---|

**निरीक्षक के हस्ताक्षर/Signature of the Invigilator :** ________________

***अभ्यर्थी को 10 मिनट का समय प्रश्न-पुस्तिका पर छपे निर्देशों को पढ़ने, प्रश्न-पत्र बुकलेट में दिए गए प्रश्नों के सीरियल नम्बर चेक करने, ब्यौरा भरने के लिए एवं बुकलेट के सभी पृष्ठों का अवलोकन करने, misprint चेक करने के लिए दिया जाएगा। यदि प्रश्न–पत्र बुकलेट में प्रश्नों के सीरियल नम्बर गलत छपे हैं, पृष्ठ missing है या कोई पृष्ठ misprint है तो तुरन्त केन्द्र अधीक्षक से निवेदन करके प्रश्न-पत्र बुकलेट बदल लें। इन 10 मिनट के पश्चात् या परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। इन 10 मिनटों के अतिरिक्त, प्रश्नों के उत्तर देने व अंकित करने के लिए पूरे 3 घंटे का समय दिया जाएगा।***

***अभ्यर्थियों के लिए निर्देश :***

1. उत्तर पत्रक (OMR) इस प्रश्न पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल काले बॉल प्वाइंट पेन से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि ***3 घंटे*** है एवं प्रश्न पुस्तिका में ***180*** प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है। ***कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।***
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्रक पर निशान लगाने के लिए केवल काले बॉल प्वाइंट पेन का प्रयोग करें। अभ्यर्थी प्रश्न-पुस्तिका का उपयोग करने एवं उत्तर पत्रक को भरने में सावधानी बरतें। ***दूसरी प्रश्न-पुस्तिका सेट प्रदान नहीं की जाएगी।***
4. यह भी सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न पुस्तिका क्रमांक और उत्तर पत्रक क्रमांक एक ही हैं। अगर यह भिन्न हों या प्रश्न पुस्तिका में कोई पृष्ठ missing या misprint हो तो अभ्यर्थी दूसरी प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत करवाए।
5. ***यह परीक्षा दो भागों में है :***

   **भाग-I : बौद्धिक योग्यता परीक्षण** (प्र. **1** से प्र. **90**)
   **भाग-II : शैक्षिक योग्यता परीक्षण** (प्र. **91** से प्र. **180**)

***नोट : इस पुस्तिका के अन्त में दिए गए शेष निर्देशों को पढ़ें।***

***INSTRUCTIONS FOR THE CANDIDATES :***

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill the particulars carefully with black ball point pen only.
2. The test is of ***three hours*** duration and consists of ***180*** questions. Each question carries one mark. ***There is no negative marking.***
3. Use Black Ball Point Pen only for writing particulars on this page/marking responses in the Answer Sheet. The candidate should remain careful in handling the question paper and in marking the answers on the answer sheet. ***Another booklet set will not be given.***
4. Also ensure that your Test Booklet Serial No. and Answer Sheet Serial No. are the same. In case of discrepancy or any page missing/misprint in test booklet, then the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. ***This Test has two Parts :***

   **Part-I : Mental Ability Test (MAT)** (Q. **1** to Q. **90**)
   **Part-II : Scholastic Aptitude Test (SAT)** (Q. **91** to Q. **180**)

***Note : Read other remaining instructions given on the last page of this Booklet.***

## रफ कार्य के लिए / FOR ROUGH WORK

# PART – I (भाग – I)
# MENTAL ABILITY TEST
# बौद्धिक योग्यता परीक्षण

Questions : 1 to 90 Time : 1½ Hours

**1.** A mango seller has some mangoes in a basket. The first customer buys one more mango than half of the total mangoes in the basket. Then the second customer also buys one more mango than half of the remaining mangoes. Similarly the third customer also buys one more mango than half of the remaining mangoes. At last there is only one mango in the basket. Tell how many mangoes were there in the basket ?

(1) 46 (2) 32

(3) 42 (4) 22

**1.** एक आम विक्रेता की टोकरी में कुछ आम हैं। पहला ग्राहक टोकरी में मौजूद कुल आमों के आधे से एक आम ज्यादा खरीदता है। फिर दूसरा ग्राहक भी बचे हुए आमों के आधे से एक आम ज्यादा खरीदता है। इसी तरह तीसरा ग्राहक भी बचे हुए आमों के आधे से एक आम ज्यादा खरीदता है। अंत में टोकरी में सिर्फ एक आम बचता है। बताइए टोकरी में कुल कितने आम थे ?

(1) 46 (2) 32

(3) 42 (4) 22

**2.** Neelam remembers very well that she bought an item from the shop before Sunday and after Wednesday. The shopkeeper remembers very well that Neelam bought that item after Friday but before Monday. On which day did she definitely bought the item ?

(1) Friday (2) Wednesday

(3) Thursday (4) Saturday

**2.** नीलम को अच्छी तरह याद है कि उसने दुकान से एक वस्तु रविवार से पहले और बुधवार के बाद खरीदी थी। दुकानदार को भी अच्छी तरह याद है कि नीलम ने वह वस्तु शुक्रवार के बाद लेकिन सोमवार से पहले खरीदी थी। उसने वह वस्तु निश्चित रूप से किस दिन खरीदी थी ?

(1) शुक्रवार (2) बुधवार

(3) गुरुवार (4) शनिवार

**3.** In a row of 25 boys, when Manoj was shifted five places to the right he became 16th from the left end. What was his old position from the right end of the row ?

(1) 11 (2) 10

(3) 9 (4) 15

**4.** A three centimetre cube has been painted red on all sides; it is then cut into one-centimetre cubes. How many cubes will be there with one side painted red ?

(1) 4

(2) 3

(3) 6

(4) 1

**5.** Find the odd one out :

(1) Mercury

(2) Moon

(3) Venus

(4) Earth

**3.** 25 लड़कों की एक पंक्ति में, जब मनोज को पाँच स्थान दायीं ओर स्थानांतरित किया गया, तो वह बायें छोर से 16वें स्थान पर आ गया। पंक्ति के दायें छोर से उसका पुराना स्थान क्या था ?

(1) 11 (2) 10

(3) 9 (4) 15

**4.** एक तीन सेंटीमीटर के घन को चारों तरफ से लाल रंग से रंगा गया है; फिर उसे एक सेंटीमीटर के घनों में काटा गया है। ऐसे कितने घन होंगे जिनकी एक तरफ लाल रंग से रंगी हुई है ?

(1) 4

(2) 3

(3) 6

(4) 1

**5.** इनमें से बेमेल को चुनें :

(1) बुध

(2) चंद्रमा

(3) शुक्र

(4) पृथ्वी

6. Six letters Q, Z, V, T, L and A are written on different faces of a dice. Two positions of this dice are shown in the figures below. Find the letter on the face opposite to Q.




(1) Z

(2) T

(3) V

(4) A

7. What should come in place of the question mark (?) in the given series based on the English alphabetical order ?

UWP, SUN, QSL, OQJ, ?

(1) MOG (2) MPH

(3) MPG (4) MOH

8. Five friends are sitting in a row. A is left of B, B is left of C, D is right of C, E is right of D. Who is in the middle ?

(1) A (2) B

(3) C (4) D

6. एक पासे के अलग-अलग फलकों पर छह अक्षर Q, Z, V, T, L और A लिखे हैं। इस पासे की दो स्थितियाँ नीचे दी गई आकृतियों में दर्शाई गई हैं। Q के विपरीत फलक पर अक्षर ज्ञात कीजिए।




(1) Z

(2) T

(3) V

(4) A

7. अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए ?

UWP, SUN, QSL, OQJ, ?

(1) MOG (2) MPH

(3) MPG (4) MOH

8. पाँच दोस्त एक पंक्ति में बैठे हैं। A, B के बायें है, B, C के बायें है, D, C के दायें है, E, D के दायें है। बीच में कौन है ?

(1) A (2) B

(3) C (4) D

**9.** Pointing to a woman, a man said, "Her brother's father is my father's only son." How is the woman related to the man ?

(1) Sister

(2) Daughter

(3) Niece

(4) Aunt

**10.** A clock is showing the time 6:00. The angle of its hands will be :

(1) $90^o$

(2) $120^o$

(3) $150^o$

(4) $180^o$

**11.** A clock strikes once at one o'clock, twice at two o'clock' respectively, i.e the clock strikes as many times as the time in the clock. How many times will the clock strike in 24 hours ?

(1) 78

(2) 156

(3) 144

(4) 24

**9.** एक महिला की ओर इशारा करते हुए एक पुरुष ने कहा, “उसके भाई के पिता मेरे पिता के इकलौते पुत्र हैं।” यह महिला उस पुरुष से किस प्रकार संबंधित है ?

(1) बहन

(2) बेटी

(3) भतीजी

(4) मौसी

**10.** एक घड़ी 6:00 बजे का समय दिखा रही है। इसकी सुईयों का कोण होगा :

(1) $90^o$

(2) $120^o$

(3) $150^o$

(4) $180^o$

**11.** एक घड़ी क्रमशः एक बजे एक बार, दो बजे दो बार बजती है, अर्थात जितना घड़ी में समय होता है घड़ी भी उतनी ही बार बजती है। 24 घंटे में घड़ी कितनी बार बजेगी ?

(1) 78

(2) 156

(3) 144

(4) 24

**12.** You are given a figure (x) followed by four figures A, B, C and D such that (x) is embedded in one of them. Trace out the ***correct*** alternative :



x



(A) (B) (C) (D)

(1) A (2) B

(3) C (4) D

**13.** Which letter will be 5th to the left of the 15th letter from the right in the English alphabet ?

(1) F (2) T

(3) G (4) U

**14.** If each of the letters in the English alphabet is assigned even numerical values beginning A = 2, B = 4 and so on, what will be the total value of the letters of the word DELHI ?

(1) 72 (2) 74

(3) 76 (4) 80

**12.** आपको एक आकृति (x) दी गई है जो विकल्प A, B, C, तथा D में से किसी एक आकृति में निहित है। ***सही*** विकल्प का चुनाव कीजिये :



x



(A) (B) (C) (D)

(1) A (2) B

(3) C (4) D

**13.** अंग्रेजी वर्णमाला में दायीं ओर से 15वें अक्षर के बायीं ओर 5वां अक्षर कौन–सा होगा ?

(1) F (2) T

(3) G (4) U

**14.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला के प्रत्येक वर्ण को सम संख्या दी जाए जैसे A = 2, B = 4 और इसी प्रकार, DELHI शब्द के वर्णों का कुल मान कितना होगा ?

(1) 72 (2) 74

(3) 76 (4) 80

**15.** A person has ₹ 455 in the denominations of ₹ 5 notes, ₹ 10 notes and ₹ 20 notes. The number of notes of each denomination is equal. What is the total number of notes he has ?

(1) 35

(2) 39

(3) 13

(4) 42

**16.** What will be the next letter in the given series ?

Z, X, V, T, R, ?

(1) Q

(2) P

(3) O

(4) N

**17.** You are facing North. You turn 90 degrees clockwise, then 180 degrees anti-clockwise and then another 90 degrees clockwise. Which direction are you facing now ?

(1) North

(2) South

(3) East

(4) West

**15.** एक व्यक्ति के पास ₹ 5 के, ₹ 10 के और ₹ 20 के नोटों के 455 रुपये हैं। प्रत्येक मूल्यवर्ग के नोटों की संख्या बराबर है। उसके पास कुल कितने नोट हैं ?

(1) 35

(2) 39

(3) 13

(4) 42

**16.** दी गई श्रृंखला में अगला अक्षर क्या होगा ?

Z, X, V, T, R, ?

(1) Q

(2) P

(3) O

(4) N

**17.** आप उत्तर दिशा की ओर मुँह करके खड़े हैं। आप 90 डिग्री दक्षिणावर्त, फिर 180 डिग्री वामावर्त और फिर 90 डिग्री दक्षिणावर्त घूमें। अब आप किस दिशा की ओर मुँह करके खड़े हैं ?

(1) उत्तर

(2) दक्षिण

(3) पूर्व

(4) पश्चिम

**18.** One evening before sunset a boy started walking with his back towards the sun. After some time he turned to the right. Then he turned to the left and then again turned to the right. In which direction would he be going now ?

(1) South

(2) North

(3) East

(4) West

**19.** P is the sister of Q, Q is the brother of R, R is the son of S and T is the wife of S, then how is T related to P ?

(1) Daughter

(2) Father

(3) Sister

(4) Mother

**20.** A cube is painted blue on all sides. It is cut into 125 smaller cubes of equal size. How many cubes are painted on only one side ?

(1) 8

(2) 27

(3) 54

(4) 36

**18.** एक शाम सूर्यास्त से पहले एक लड़के ने सूर्य की ओर अपनी पीठ करके चलना प्रारंभ किया। कुछ समय बाद वह दायीं ओर मुड़ गया। फिर वह बायीं ओर मुड़ा और फिर दोबारा दायीं ओर मुड़ा। अब वह किस दिशा में जा रहा होगा ?

(1) दक्षिण

(2) उत्तर

(3) पूर्व

(4) पश्चिम

**19.** Q की बहन है P, R का भाई है Q, S का पुत्र है R और S की पत्नी है T, तो T का P से क्या संबंध है ?

(1) पुत्री

(2) पिता

(3) बहन

(4) माता

**20.** एक घन के चारों ओर नीला रंग लगा है। इसे बराबर आकार के 125 छोटे घनों में काटा गया है। कितने घनों के केवल एक ओर नीला रंग लगा है ?

(1) 8

(2) 27

(3) 54

(4) 36

**21.** Which of the following combinations from the given answers will be a systematic order of the following words ?

(a) Pen

(b) Library

(c) Book

(d) Paper

(e) Writer

(1) e → a → d → c → b

(2) d → a → e → b → c

(3) d → a → e → c → b

(4) e → d → a → b → c

**22.** Ten flags are placed in a straight line at an interval of 3 meters. What will be the distance between the first and the tenth flag ?

(1) 27

(2) 30

(3) 33

(4) 36

**21.** दिए गए उत्तरों में से कौन-सा संयोजन निम्नलिखित शब्दों का व्यवस्थित क्रम होगा ?

(a) कलम

(b) पुस्तकालय

(c) पुस्तक

(d) कागज

(e) लेखक

(1) e → a → d → c → b

(2) d → a → e → b → c

(3) d → a → e → c → b

(4) e → d → a → b → c

**22.** दस झंडे सीधी पंक्ति में 3 मीटर के अंतराल पर लगाए गए हैं। प्रथम तथा दसवें झंडे के बीच की दूरी क्या होगी ?

(1) 27

(2) 30

(3) 33

(4) 36

**Direction (Q. No. 23 to 25) :** In the following questions there are statements followed by conclusions. Choose the conclusion(s) which must logically follow from the given statements :

(1) If only Conclusion I follows.

(2) If only Conclusion II follows.

(3) Both Conclusion I and II follows.

(4) Neither Conclusion I nor II follows.

**23. Statements :** All rooms are fruits.

No fruit is car.

Some cars are papers.

**Conclusions :** I No car is room.

II Some fruits are room.

**24. Statements :** All cows are deer.

Some deer are elephants.

No elephant is lion.

**Conclusions :** I Some elephants are lions.

II Some elephants are deer.

**निर्देश (प्रश्न संख्या 23 से 25) :** निम्नलिखित प्रश्नों में, कथन के बाद निष्कर्ष हैं। निष्कर्ष का चयन करें जो दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करे :

(1) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(2) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(3) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

(4) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

**23. कथन :** सभी कमरें फल हैं।

कोई फल कार नहीं है।

कुछ कार कागज हैं।

**निष्कर्ष :** I कोई कार कमरा नहीं है।

II कुछ फल कमरे हैं।

**24. कथन :** सभी गाय हिरण हैं।

कुछ हिरण हाथी हैं।

कोई हाथी शेर नहीं है।

**निष्कर्ष :** I कुछ हाथी शेर हैं।

II कुछ हाथी हिरण हैं।

**25. Statements :** All trees are flowers.

All flowers are forests.

Some forests are rivers.

**Conclusions :** I Some forests are trees.

II Some rivers are forests.

**26.** If @ means ÷, then find the value of $\frac{9}{5} @ \frac{3}{10} @ \frac{2}{7} @ \frac{3}{2}$ :

(1) $\frac{81}{350}$ (2) $\frac{8}{7}$

(3) $\frac{7}{8}$ (4) 14

**27.** A family consists of a father, mother, two married sons and one unmarried daughter. One of the son has two daughters and the other son has two sons. How many female members are there in the family ?

(1) 4 (2) 8

(3) 6 (4) 3

**25. कथन :** सभी पेड़ फूल हैं।

सभी फूल जंगल हैं।

कुछ जंगल नदियाँ हैं।

**निष्कर्ष :** I कुछ जंगल पेड़ हैं।

II कुछ नदियाँ जंगल हैं।

**26.** यदि @ का अर्थ ÷ माना जाए, तो $\frac{9}{5} @ \frac{3}{10} @ \frac{2}{7} @ \frac{3}{2}$ का मान ज्ञात कीजिए :

(1) $\frac{81}{350}$ (2) $\frac{8}{7}$

(3) $\frac{7}{8}$ (4) 14

**27.** एक परिवार में पिता, माता, दो विवाहित पुत्र और एक अविवाहित पुत्री हैं। एक पुत्र की दो पुत्रियाँ हैं और दूसरे पुत्र के दो पुत्र हैं। परिवार में कितनी महिला सदस्य हैं ?

(1) 4 (2) 8

(3) 6 (4) 3

**Direction (Q. No. 28 to 30) :** The answer to the following questions are based on the diagram given below :




**28.** What is the number of students studying any two subjects ?

(1) 55

(2) 32

(3) 23

(4) 26

**29.** What is the number of students studying any three subjects ?

(1) 20 (2) 23

(3) 22 (4) 21

**30.** What is the number of students studying any one subject ?

(1) 58 (2) 57

(3) 61 (4) 46

**निर्देश (प्रश्न संख्या 28 से 30) :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए आरेख पर आधारित हैं :




**28.** किन्हीं दो विषयों का अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या क्या है ?

(1) 55

(2) 32

(3) 23

(4) 26

**29.** किन्हीं तीन विषयों का अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या क्या है ?

(1) 20 (2) 23

(3) 22 (4) 21

**30.** किसी भी एक विषय का अध्ययन करने वाले छात्रों की संख्या क्या है ?

(1) 58 (2) 57

(3) 61 (4) 46

**Directions (Q. No. 31 to 34) :** Study the following diagram and choose the ***correct*** alteratives given under each question :




**31.** How many such cities are there which are neither capitals of states nor districts ?

(1) 6 (2) 5

(3) 4 (4) 7

**32.** How many such cities are there which are also capitals of states ?

(1) 4 (2) 8

(3) 6 (4) 11

**33.** How many such districts are there which are cities as well as capitals of states ?

(1) 11 (2) 8

(3) 7 (4) 6

**निर्देश (प्रश्न संख्या 31 से 34) :** दिए गये चित्र का अध्ययन कीजिये तथा प्रश्नों के नीचे दिए गये विकल्पों में से ***सही*** विकल्प का चयन कीजिए :




**31.** ऐसे कितने शहर हैं जो न तो राज्यों की राजधानी हैं और न ही जिले ?

(1) 6 (2) 5

(3) 4 (4) 7

**32.** ऐसे कितने शहर हैं जोकि राज्यों की राजधानी भी हैं ?

(1) 4 (2) 8

(3) 6 (4) 11

**33.** ऐसे कितने जिले हैं जोकि शहर होने के साथ-साथ राज्यों की राजधानी भी हैं ?

(1) 11 (2) 8

(3) 7 (4) 6

**34.** How many such cities are there which are also districts ?

(1) 8

(2) 1

(3) 3

(4) 2

**35.** Which of the following words would be at the third position in the English dictionary ?

(1) fortitude

(2) forthcoming

(3) fortifiable

(4) fortnight

**36.** How many squares are in the given figure ?



(1) 15 (2) 14

(3) l3 (4) 12

**34.** ऐसे कितने शहर हैं जो जिले भी हैं ?

(1) 8

(2) 1

(3) 3

(4) 2

**35.** निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द अंग्रेजी शब्दकोश में तीसरे स्थान पर होगा ?

(1) fortitude

(2) forthcoming

(3) fortifiable

(4) fortnight

**36.** दी गई आकृति में वर्गों की संख्या कितनी है ?



(1) 15 (2) 14

(3) l3 (4) 12

**37.** How many times such '4' are there in the series given below that are immediately preceded by an even number and immediately followed by an odd number ?

3, 7, 5, 9, 8, 6, 4, 7, 2, 5, 9, 6, 3, 8, 7, 1, 4, 6, 2, 9, 5, 7, 8, 3, 6, 4, 9, 2, 8, 7, 5

(1) one time

(2) two times

(3) three times

(4) four times

**38.** In a certain code language 'CAT' is coded as '24', 'DOG' is coded as '26', then 'FISH' is coded as :

(1) 42

(2) 40

(3) 41

(4) 43

**39.** If BACK is coded as 11312 and CAKE as 51113, then how will MADE be coded ?

(1) 13145

(2) 54113

(3) 51413

(4) 31145

**37.** निम्न शृंखला में कितने ऐसे '4' हैं जिनसे ठीक पहले एक सम संख्या है तथा ठीक बाद में में एक विषम संख्या है ?

3, 7, 5, 9, 8, 6, 4, 7, 2, 5, 9, 6, 3, 8, 7, 1, 4, 6, 2, 9, 5, 7, 8, 3, 6, 4, 9, 2, 8, 7, 5

(1) एक बार

(2) दो बार

(3) तीन बार

(4) चार बार

**38.** किसी निश्चित कूट भाषा में यदि 'CAT' को '24' लिखा जाता है, 'DOG' को '26' लिखा जाता है, तो 'FISH' को किस प्रकार लिखा जाएगा ?

(1) 42

(2) 40

(3) 41

(4) 43

**39.** यदि BACK को 11312 और CAKE को 51113 के रूप में लिखा गया है, तो MADE को कैसे लिखा जाएगा ?

(1) 13145

(2) 54113

(3) 51413

(4) 31145

**40.** If 'A' stands for '÷', 'B' stands for '×', 'C' stands for '+' and 'D' stands for '–', what will come in place of the question mark (?) in the following equation ?

17B26D862A2C947 = ?

(1) 971

(2) 958

(3) 951

(4) 962

**41.** If a man walks 3 km East, then 4 km North, how far is he from this starting point ?

(1) 5 km

(2) 6 km

(3) 7 km

(4) 4 km

**42.** In a certain code language 'PENCIL' is written as 'RGPENK', then how 'PAPER' will be written ?

(1) RCRGT

(2) RCRGU

(3) RDRGT

(4) RCRGS

**40.** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ है '–', तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा ?

17B26D862A2C947 = ?

(1) 971

(2) 958

(3) 951

(4) 962

**41.** यदि एक आदमी 3 किमी पूर्व की ओर, फिर 4 किमी उत्तर की ओर चलता है, तो वह अपने प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूर है ?

(1) 5 किमी

(2) 6 किमी

(3) 7 किमी

(4) 4 किमी

**42.** किसी निश्चित कूट भाषा में यदि 'PENCIL' को 'RGPENK' लिखा जाता है, तो 'PAPER' को किस प्रकार लिखा जाएगा ?

(1) RCRGT

(2) RCRGU

(3) RDRGT

(4) RCRGS

**43.** Find the odd one out :

(1) Square

(2) Circle

(3) Rectangle

(4) Triangle

**44.** Select the ***correct*** mirror image of the given figure when the mirror is placed at MN as shown :




(1) Igꟻɔd

(2) Igꟻcb

(3) Igꟻcd

(4) IgFɔb

**45.** Arrange in dictionary order :

Tiger, Table, Train, Tree, Ten

(1) Table, Ten, Tiger, Train, Tree

(2) Table, Tiger, Ten, Tree, Train

(3) Table, Ten, Train, Tiger, Tree

(4) Ten, Tiger, Table, Tree, Train

**43.** इनमें से भिन्न शब्द ज्ञात कीजिए :

(1) वर्ग

(2) वृत्त

(3) आयत

(4) त्रिभुज

**44.** दी गई आकृति का ***सही*** दर्पण प्रतिबिम्ब चुनें जब दर्पण को MN पर रखा जाए जैसा कि दिखाया गया है :




(1) Igꟻɔd

(2) Igꟻcb

(3) Igꟻcd

(4) IgFɔb

**45.** शब्दकोश क्रम में व्यवस्थित करें :

Tiger, Table, Train, Tree, Ten

(1) Table, Ten, Tiger, Train, Tree

(2) Table, Tiger, Ten, Tree, Train

(3) Table, Ten, Train, Tiger, Tree

(4) Ten, Tiger, Table, Tree, Train

**46.** Choose the appropriate figure from the answer figures :



Answer Figures :



(1) (2) (3) (4)

**47.** Find the missing number in the diagram :



(1) 12 (2) 8

(3) 6 (4) 7

**48.** If × means +, ÷ means –, + means × and – means ÷, then find the value of 5 + (5 ÷ 5) – 5 :

(1) 24

(2) 0

(3) 1

(4) 4

**46.** दी गई उत्तर आकृतियों में से उपयुक्त आकृति का चयन कीजिए :



उत्तर आकृतियाँ :



(1) (2) (3) (4)

**47.** दिये गये चित्र में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :



(1) 12 (2) 8

(3) 6 (4) 7

**48.** यदि × का अर्थ +, ÷ का अर्थ –, + का अर्थ × और – का अर्थ ÷ माना जाए, तो 5 + (5 ÷ 5) – 5 का मान ज्ञात कीजिए :

(1) 24

(2) 0

(3) 1

(4) 4

**Direction (Q. No. 49 to 51) :** The four different position of a dice are given below. Select the suitable answer to the following questions :




**49.** Which letter is on the bottom side of dice (iii) ?

(1) C

(2) E

(3) D

(4) F

**50.** Which letter is on the surface opposite to 'D' ?

(1) E

(2) A

(3) F

(4) C

**निर्देश (प्रश्न संख्या 49 से 51) :** एक पासे की चार अलग-अलग स्थिति नीचे दी गई हैं। निम्नलिखित प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर का चयन करें :




**49.** पासा (iii) के निचले भाग पर कौन-सा अक्षर है ?

(1) C

(2) E

(3) D

(4) F

**50.** 'D' के विपरीत सतह पर कौन-सा अक्षर है ?

(1) E

(2) A

(3) F

(4) C

**51.** Which letter is on the surface opposite to 'C' ?

(1) F

(2) B

(3) A

(4) D

**Directions (Q. No. 52 to 54) :** Given Problem Figures have a sequence. Find the rule and select the appropriate figure from Answer Figures for question mark (?) place.

**52.** Problem Figures :




Answer Figures :



(1) (2) (3) (4)

**53.** Problem Figures :




Answer Figures :



(1) (2) (3) (4)

**51.** 'C' के विपरीत सतह पर कौन-सा अक्षर है ?

(1) F

(2) B

(3) A

(4) D

**निर्देश (प्रश्न संख्या 52 से 54) :** दी गई प्रश्न आकृतियों का एक क्रम है। नियम का पता कर प्रश्न चिह्न (?) स्थान के लिए उत्तर आकृतियों से उपयुक्त आकृति का चयन करें।

**52.** प्रश्न आकृतियाँ :




उत्तर आकृतियाँ :



(1) (2) (3) (4)

**53.** प्रश्न आकृतियाँ :




उत्तर आकृतियाँ :



(1) (2) (3) (4)

**54.** Problem Figures :



Answer Figures :



(1) (2) (3) (4)

**55.** If South becomes East, East becomes North, then West becomes .............. .

(1) South

(2) West

(3) North

(4) East

**56.** A clock shows 7:30. If the minute hand is pointing towards West, then in which direction will the hour hand be ?

(1) North

(2) North-West

(3) North-East

(4) South-East

**54.** प्रश्न आकृतियाँ :



उत्तर आकृतियाँ :



(1) (2) (3) (4)

**55.** यदि दक्षिण पूर्व हो जाए, पूर्व उत्तर हो जाए, तो पश्चिम ............... होगा।

(1) दक्षिण

(2) पश्चिम

(3) उत्तर

(4) पूर्व

**56.** एक घड़ी में 7:30 बज रहे हैं। यदि मिनट की सुई पश्चिम दिशा की ओर है, तो घंटे की सुई किस दिशा में होगी ?

(1) उत्तर

(2) उत्तर–पश्चिम

(3) उत्तर–पूर्व

(4) दक्षिण–पूर्व

**57.** If 'air' is called 'blue', 'blue' is called 'sky', 'sky' is called 'yellow', 'yellow' is called 'water' and 'water' is called 'pink', then what is the colour of 'clear sky' ?

(1) Blue

(2) Yellow

(3) Pink

(4) Sky

**58.** Daya has a brother Anil. Chandra is Daya's father. Bimal is Chandra's father. How Bimal is related to Anil ?

(1) Grandfather

(2) Brother

(3) Grandson

(4) Son

**59.** Choose the odd numeral pair :

(1) 3 : 6

(2) 5 : 10

(3) 7 : 21

(4) 9 : 18

**57.** यदि 'air' को 'blue' कहा जाए, 'blue' को 'sky' कहा जाए, 'sky' को 'yellow' कहा जाए, 'yellow' को 'water' कहा जाए तथा 'water' को 'pink', तो 'clear sky' का रंग क्या होगा ?

(1) Blue

(2) Yellow

(3) Pink

(4) Sky

**58.** दया का एक भाई अनिल है। चन्द्र, दया के पिता हैं। विमल, चन्द्र के पिता हैं। अनिल से बिमल का क्या संबंध है ?

(1) दादा

(2) भाई

(3) पोता

(4) पुत्र

**59.** विषम युग्म चुनिए :

(1) 3 : 6

(2) 5 : 10

(3) 7 : 21

(4) 9 : 18

**60.** Find the missing number in the diagram :




I II

(1) 45 (2) 48

(3) 46 (4) 47

**61.** 'A' starts walking in the East direction from his house. After walking 15 meters, he turns right and walks 4 meters. Then turning right, he walks 11 meters. Finally, he turns right and walks 7 meters, so how far is he from his initial position ?

(1) 7 m (2) 37 m

(3) 3 m (4) 5 m

**Direction (Q. No. 62 & 63) :** Read the following information and answer the questions given below it :

(a) A $ B means 'A is the wife of B'

(b) A @ B means 'A is the brother of B'

(c) A # B means 'A is the daughter of B'

(d) A % B means 'A is the son of B'

**62.** If P @ Q # R $ S, then how is S related to P ?

(1) Son (2) Father

(3) Brother (4) Mother

**60.** दिये गये चित्र में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :




I II

(1) 45 (2) 48

(3) 46 (4) 47

**61.** 'A' अपने घर से पूर्व दिशा में चलना प्रारंभ करता है। 15 मीटर चलने के बाद, वह दायें मुड़ता है और 4 मीटर चलता है। फिर दायें मुड़कर 11 मीटर चलता है। अंत में, वह दायें मुड़ता है और 7 मीटर चलता है, तो बताइए कि वह अपनी प्रारंभिक स्थिति से कितनी दूर है ?

(1) 7 मी (2) 37 मी

(3) 3 मी (4) 5 मी

**निर्देश (प्रश्न संख्या 62 एवं 63) :** निम्नलिखित जानकारी पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :

(a) A $ B का अर्थ है 'A, B की पत्नी है'

(b) A @ B का अर्थ है 'A, B का भाई है'

(c) A # B का अर्थ है 'A, B की पुत्री है'

(d) A % B का अर्थ है 'A, B का पुत्र है'

**62.** यदि P @ Q # R $ S है, तो S का P से क्या संबंध है ?

(1) पुत्र (2) पिता

(3) भाई (4) माता

**63.** If P # Q $ R % S, then how is S related to P ?

(1) Father

(2) Brother

(3) Grandfather

(4) Mother

**64.** Choose the appropriate figure from the answer figures :




Answer Figures :



(1) (2) (3) (4)

**63.** यदि P # Q $ R % S है, तो S का P से क्या संबंध है ?

(1) पिता

(2) भाई

(3) दादा

(4) माता

**64.** दी गई उत्तर आकृतियों में से उपयुक्त आकृति का चयन कीजिए :




उत्तर आकृतियाँ :



(1) (2) (3) (4)

**65.** Find the missing number :




(1) 25 (2) 20

(3) 15 (4) 10

**66.** Find the missing number :




(1) 2400

(2) 3000

(3) 4200

(4) 3600

**67.** If 123 means 'hot filtered coffee', 356 means 'very hot day' and 589 means 'day and night', what will be the code for 'very' ?

(1) 3 (2) 5

(3) 6 (4) 8

**65.** लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :




(1) 25 (2) 20

(3) 15 (4) 10

**66.** लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :




(1) 2400

(2) 3000

(3) 4200

(4) 3600

**67.** यदि 123 का अर्थ 'hot filtered coffee' है, 356 का अर्थ 'very hot day' है और 589 का अर्थ 'day and night' है, तो 'very' के लिए कोड क्या होगा ?

(1) 3 (2) 5

(3) 6 (4) 8

**68.** Which of the following word does ***not*** match with the others ?

(1) Apple

(2) Banana

(3) Carrot

(4) Orange

**Direction (Q. No. 69 to 71) :** What will come at the place of Question mark (?) in the given series ?

**69.** 5, 6, 10, 19, 35, ?

(1) 55

(2) 60

(3) 51

(4) 71

**70.** B, D, G, I, ?, N

(1) L

(2) M

(3) K

(4) J

**68.** दिए गए शब्दों में से कौन-सा शब्द अन्य शब्दों से संबंधित ***नहीं*** है ?

(1) सेब

(2) केला

(3) गाजर

(4) संतरा

**निर्देश (प्रश्न संख्या 69 से 71) :** दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा ?

**69.** 5, 6, 10, 19, 35, ?

(1) 55

(2) 60

(3) 51

(4) 71

**70.** B, D, G, I, ?, N

(1) L

(2) M

(3) K

(4) J

**71.** 2, 5, 10, 17, ?

(1) 24

(2) 25

(3) 26

(4) 27

**72.** Problem Figures :



Answer Figures :



(1) (2) (3) (4)

**73.** If S – T means 'S' is the wife of 'T'. S + T means 'S' is the daughter of T and S ÷ T means 'S' is the son of 'T', then what will M + J ÷ K mean ?

(1) 'K' is the father of 'M'

(2) 'M' is the granddaughter of 'K'

(3) 'J' is wife of 'K'

(4) 'K' and 'M' are brothers

**71.** 2, 5, 10, 17, ?

(1) 24

(2) 25

(3) 26

(4) 27

**72.** प्रश्न आकृतियाँ :



उत्तर आकृतियाँ :



(1) (2) (3) (4)

**73.** यदि S – T का अर्थ है कि 'S', 'T' की पत्नी है। S + T का अर्थ है कि 'S', 'T' की बेटी है तथा S ÷ T का अर्थ है कि 'S', 'T' का बेटा है, तो M + J ÷ K का क्या अर्थ होगा ?

(1) 'K', 'M' का पिता है।

(2) 'M', 'K' की पोती है।

(3) 'J', 'K' की पत्नी है।

(4) 'K' और 'M' भाई हैं।

**74.** Choose the odd figure out :



(1) (2) (3) (4)

**75.** Choose the ***correct*** mirror image of the figure given below :



(1) (2) (3) (4)

**76.** In a class of 57 students, A ranks $18^{th}$ from the top and B ranks $21^{st}$ from the bottom. How many students are there between A and B ?

(1) 18

(2) 39

(3) 3

(4) 36

**74.** बेमेल आकृति चुनिए :



(1) (2) (3) (4)

**75.** नीचे दी गई आकृति की ***सही*** दर्पण छवि चुनिए :



(1) (2) (3) (4)

**76.** 57 छात्रों की एक कक्षा में, A शीर्ष से 18वें स्थान पर है और B नीचे से 21वें स्थान पर है। A और B के बीच कितने छात्र हैं ?

(1) 18

(2) 39

(3) 3

(4) 36

**77.** Find the missing number :




(1) 89 (2) 76

(3) 110 (4) 63

**78.** What will be the product of all the numbers present in the mobile keyboard ?

(1) 362880

(2) 181440

(3) 159480

(4) 0

**79.** Two positions of a dice are shown. Which number will appear on the face opposite to the face having 5 ?




(1) 6 (2) 2

(3) 4 (4) 1

**77.** लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :




(1) 89 (2) 76

(3) 110 (4) 63

**78.** मोबाइल कीबोर्ड (Mobile keyboard) में उपस्थित सभी नंबरों का गुणनफल क्या होगा ?

(1) 362880

(2) 181440

(3) 159480

(4) 0

**79.** एक पासे की दो स्थितियाँ दिखाई गई हैं। संख्या 5 के विपरीत तल पर कौन-सी संख्या आएगी ?




(1) 6 (2) 2

(3) 4 (4) 1

80. In a certain code, if CLAP is coded as 1234 and TIGER as 56789, how LATER will be coded in that code ?

(1) 23589

(2) 32589

(3) 23859

(4) 53892

81. What will come in the place of '?' in the following equation, if '+' and '–' are interchanged and '×' and '÷' are interchanged ?

$$5 - 4 \div 9 + 80 \times 10 = ?$$

(1) 31

(2) 33

(3) 35

(4) 30

80. यदि CLAP को 1234 कोड किया गया है, तथा TIGER को 56789 कोड किया गया है, तो LATER को किस प्रकार कोड किया जाएगा ?

(1) 23589

(2) 32589

(3) 23859

(4) 53892

81. निम्नलिखित समीकरण में ‘?’ के स्थान पर क्या आएगा, यदि ‘+’ और ‘–’ को परस्पर बदल दिया जाए तथा ‘×’ और ‘÷’ को परस्पर बदल दिया जाए ?

$$5 - 4 \div 9 + 80 \times 10 = ?$$

(1) 31

(2) 33

(3) 35

(4) 30

**82.** Six numbers 21, 22, 23, 24, 25 and 26 are written on different faces of a dice. Three positions of this dice are shown in the given figures. Find the number on the face opposite to 24.




(1) 26 (2) 25

(3) 22 (4) 21

**83.** In a certain code language 'Tiger' is coded as 'Ujhfs', then how 'Lion' will be coded ?

(1) Mjpo (2) Njqp

(3) Mjqp (4) Nkpo

**84.** To correct the equation given below, which two symbols, should be mutated ?

$$18 + 6 - 6 \div 3 \times 3 = 6$$

(1) + and ÷

(2) + and ×

(3) – and ÷

(4) + and –

**82.** एक पासे के अलग-अलग फलकों पर छह संख्याएँ 21, 22, 23, 24, 25 और 26 लिखी हैं। इस पासे की तीन स्थितियाँ दी गई आकृतियों में दर्शाई गई है। 24 के विपरीत फलक पर संख्या ज्ञात कीजिए।




(1) 26 (2) 25

(3) 22 (4) 21

**83.** किसी निश्चित कूट भाषा में यदि 'Tiger' को 'Ujhfs' लिखा जाता है, तो 'Lion' को किस प्रकार लिखा जाएगा ?

(1) Mjpo (2) Njqp

(3) Mjqp (4) Nkpo

**84.** नीचे दिए गए समीकरण को सही करने के लिए, किन दो प्रतीकों को परिवर्तित किया जाना चाहिए ?

$$18 + 6 - 6 \div 3 \times 3 = 6$$

(1) + और ÷

(2) + और ×

(3) – और ÷

(4) + और –

**85.** Select the letter-cluster that can replace the question mark (?) in the following series.

KQG, JTK, HXO, ECS, ?

(1) BIV

(2) AIW

(3) AHW

(4) BIX

**86.** Find the odd number :

(1) 121

(2) 169

(3) 250

(4) 225

**87.** What will be the next number in the given series ?

1, 4, 9, 16, 25, ?

(1) 30

(2) 35

(3) 36

(4) 49

**85.** निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आने वाले अक्षर-समूह का चयन कीजिए।

KQG, JTK, HXO, ECS, ?

(1) BIV

(2) AIW

(3) AHW

(4) BIX

**86.** भिन्न संख्या ज्ञात करें :

(1) 121

(2) 169

(3) 250

(4) 225

**87.** दी गई शृंखला में अगली संख्या क्या होगी ?

1, 4, 9, 16, 25, ?

(1) 30

(2) 35

(3) 36

(4) 49

**88.** In a class, students play cricket and football. 15 students play cricket, 20 students play football and 10 students play both games. How many students are there in the class ?

(1) 25

(2) 30

(3) 35

(4) 45

**89.** If X is the brother of Y, Y is the sister of Z and Z is the father of P, how is P related to X ?

(1) Nephew/Niece

(2) Son

(3) Brother

(4) Cousin

**90.** What will be the missing number in the given series ?

81, 72, 63, 54, ?, 36

(1) 44

(2) 45

(3) 46

(4) 47

**88.** एक कक्षा के छात्र क्रिकेट और फुटबॉल खेलते हैं। 15 छात्र क्रिकेट खेलते हैं, 20 छात्र फुटबॉल खेलते हैं, और 10 छात्र दोनों खेल खेलते हैं। कक्षा में कुल कितने छात्र हैं ?

(1) 25

(2) 30

(3) 35

(4) 45

**89.** यदि X, Y का भाई है, Y, Z की बहन है और Z, P का पिता है, तो P, X से किस प्रकार संबंधित है ?

(1) भतीजा/भतीजी

(2) पुत्र

(3) भाई

(4) चचेरा भाई

**90.** दी गई शृंखला में लुप्त संख्या क्या होगी ?

81, 72, 63, 54, ?, 36

(1) 44

(2) 45

(3) 46

(4) 47

# PART – II (भाग – II)
# SCHOLASTIC APTITUDE TEST
# शैक्षिक क्षमता परीक्षण

Questions : 91 to 180 Time : 1½ Hours

**91.** **Assertion (A) :** In sexual reproduction zygote develops into a new organism.

**Reason (R) :** In asexual reproduction zygote is not capable to develops into a new organism.

Which of the following statements is ***correct*** ?

(1) Assertion and reason both are correct statement and reason is correct explanation for assertion.

(2) Assertion and reason both are correct statement and reason is not correct explanation for assertion.

(3) Assertion is correct statement but reason is wrong statement.

(4) Assertion is wrong statement but reason is correct statement.

**92.** Identify the ***correct*** among the following for unisexual flower :

(1) Maize, Mustard, Cucumber

(2) Maize, Rose, Cucumber

(3) Cucumber, Papaya, Maize

(4) Cucumber, Papaya, Rose

**91.** **अभिकथन (A) :** लैंगिक प्रजनन में युग्मनज एक नए जीव में विकसित होता है।

**कारण (R) :** अलैंगिक प्रजनन में युग्मनज एक नए जीव में विकसित होने में सक्षम नहीं होता है।

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***सही*** है ?

(1) अभिकथन और कारण दोनों सही कथन हैं और कारण, अभिकथन का सही स्पष्टीकरण है।

(2) अभिकथन और कारण दोनों सही कथन हैं और कारण, अभिकथन का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) अभिकथन सही कथन है लेकिन कारण गलत कथन है।

(4) अभिकथन गलत कथन है लेकिन कारण सही कथन है।

**92.** निम्नलिखित में से ***सही*** उभयलिंगी पुष्प की पहचान कीजिए :

(1) मक्का, सरसों, खीरा

(2) मक्का, गुलाब, खीरा

(3) खीरा, पपीता, मक्का

(4) खीरा, पपीता, गुलाब

93. When did the Bhopal gas tragedy occur ?
(1) December 1980
(2) May 1982
(3) January 1984
(4) December 1984

94. In a forest food chain, if all the tigers disappear, what will be the immediate effect ?
(1) Increase in population of deer
(2) Decrease in population of grass
(3) Imbalance in forest ecosystem
(4) All of the above

95. Loudness of sound is dependent on which of the following ?
(1) Velocity of sound
(2) Amplitude of sound
(3) Frequency of sound
(4) Time period

96. Which of the following statement is ***not*** correct ?
(1) Endangered species – A species at risk of disappearing or going extinct.
(2) Endemic species – A species that is found only in a specific geographical area.
(3) Extinct species – A species that has completely disappeared.
(4) Red Data Book – A book consist of red pages.

93. भोपाल गैस त्रासदी की घटना कब घटित हुई ?
(1) दिसम्बर 1980
(2) मई 1982
(3) जनवरी 1984
(4) दिसम्बर 1984

94. किसी वन खाद्य शृंखला में, यदि सभी बाघ लुप्त हो जाएँ, तो तत्काल प्रभाव क्या होगा ?
(1) हिरणों की जनसंख्या में वृद्धि
(2) घास की जनसंख्या में कमी
(3) वन पारिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन
(4) उपरोक्त सभी

95. प्रबलता या ध्वनि की तीव्रता, निम्नलिखित में से किस पर निर्भर होती है ?
(1) ध्वनि का वेग
(2) ध्वनि का आयाम
(3) ध्वनि की आवृत्ति
(4) समय अवधि

96. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?
(1) संकटग्रस्त प्रजातियाँ – ऐसी प्रजाति जिसके लुप्त होने या विलुप्त होने का खतरा है।
(2) स्थानिक प्रजातियाँ – ऐसी प्रजाति जो केवल एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में पाई जाती है।
(3) विलुप्त प्रजातियाँ – ऐसी प्रजाति जो पूरी तरह से लुप्त हो गई है।
(4) रेड डाटा बुक – लाल पृष्ठों वाली एक पुस्तक।

**97.** Which scientist in 1752 showed that lightening and the spark from clothes are essentially the same phenomenon ?

(1) Issac Newton

(2) Albert Einstein

(3) Robert Hooke

(4) Benjamin Franklin

**98.** Choose the ***correct*** combination of statements about the harmful effects of weeds on crop plants.

(i) They interfere with harvesting.

(ii) They affect plant growth.

(iii) They compete with crop plants for water, nutrients, space and light.

(iv) They help crop plants to grow healthy.

(1) i, iii, iv

(2) iii only

(3) iii, iv

(4) i, ii, iii

**99.** Which Lens is known as converging lens ?

(1) Concave Lens

(2) Convex Lens

(3) None of the above

(4) Both Concave and Convex Lens

**97.** किस वैज्ञानिक ने 1752 में दर्शाया कि बिजली और कपड़ों से निकलने वाली चिंगारी अनिवार्य रूप से एक ही परिघटना है ?

(1) आइजैक न्यूटन

(2) अल्बर्ट आइंस्टीन

(3) रॉबर्ट हुक

(4) बेंजामिन फ्रैंकलिन

**98.** फसल के पौधों पर खरपतवारों के हानिकारक प्रभावों के बारे में कथनों का ***सही*** संयोजन चुनिए।

(i) वे कटाई में बाधा डालते हैं।

(ii) वे पौधों की वृद्धि को प्रभावित करते हैं।

(iii) वे पानी, पोषक तत्वों, स्थान और प्रकाश के लिए फसल के पौधों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं।

(iv) वे फसल के पौधों को स्वस्थ रूप से बढ़ने में मदद करते हैं।

(1) i, iii, iv

(2) केवल iii

(3) iii, iv

(4) i, ii, iii

**99.** किस लेंस को अभिसारी लेंस के नाम से जाना जाता है ?

(1) अवतल लेंस

(2) उत्तल लेंस

(3) उपरोक्त में से कोई नहीं

(4) अवतल लेंस तथा उत्तल लेंस दोनों

**100.** Four children were asked to arrange forces due to rolling, static and sliding frictions in a decreasing order. Their arrangements are given below. Choose the ***correct*** arrangement :

(1) rolling, static, sliding

(2) rolling, sliding, static

(3) static, sliding, rolling

(4) sliding, static, rolling

**101.** The frictional force exerted by fluids is known as :

(1) Rolling friction

(2) Kinetic friction

(3) Static friction

(4) Drag

**102.** Distance-time graph for body lying at rest is, where S = Distance, t = time :

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 


**100.** चार बच्चों को लोटनिक, स्थैतिक तथा सर्पी घर्षण के कारण बलों को घटते क्रम में व्यवस्थित करने के लिए कहा गया। उनकी व्यवस्था नीचे दी गई है। ***सही*** व्यवस्था का चयन कीजिए :

(1) लोटनिक, स्थैतिक, सर्पी

(2) लोटनिक, सर्पी, स्थैतिक

(3) स्थैतिक, सर्पी, लोटनिक

(4) सर्पी, स्थैतिक, लोटनिक

**101.** तरल पदार्थों द्वारा लगाए गए घर्षण बल को किस रूप में जाना जाता है ?

(1) लोटनिक घर्षण

(2) गतिज घर्षण

(3) स्थैतिक घर्षण

(4) कर्षण

**102.** दूरी–समय ग्राफ जब वस्तु विश्राम अवस्था में होती है, तब निम्न में से सही दूरी-समय ग्राफ होगा, जहाँ S = दूरी, t = समय :

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 

103. **Assertion (A) :** The use of various agricultural techniques increase crop production.

**Reason (R) :** The soil fertility and water use efficiency increase by using agricultural techniques.

Which of the following statements is ***correct*** ?

(1) Assertion and reason both are correct statement and reason is correct explanation for assertion.

(2) Assertion and reason both are correct statement and reason is not correct explanation for assertion.

(3) Assertion is correct statement but reason is wrong statement.

(4) Assertion is wrong statement but reason is correct statement.

104. Match the following :

| | |
|---|---|
| (a) Estrogen | (i) Deep voice in boys |
| (b) Testosterone | (ii) Development of mammary glands |
| (c) Growth hormone | (iii) Increase in height |
| (d) Insulin | (iv) Controls sugar level |

**Options :**

(1) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

(2) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

(3) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

(4) a-iv, b-ii, c-i, d-iii

103. **अभिकथन (A) :** विभिन्न कृषि तकनीकों के प्रयोग से फसल उत्पादन में वृद्धि होती है।

**कारण (R) :** कृषि तकनीकों के प्रयोग से मृदा उर्वरता और जल उपयोग दक्षता में वृद्धि होती है।

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***सही*** है ?

(1) अभिकथन और कारण दोनों सही कथन हैं और कारण, अभिकथन का सही स्पष्टीकरण है।

(2) अभिकथन और कारण दोनों सही कथन हैं और कारण, अभिकथन का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) अभिकथन सही कथन है लेकिन कारण गलत कथन है।

(4) अभिकथन गलत कथन है लेकिन कारण सही कथन है।

104. निम्नलिखित का मिलान करें :

| | |
|---|---|
| (a) एस्ट्रोजन | (i) लड़कों में गहरी आवाज |
| (b) टेस्टोस्टेरोन | (ii) स्तन ग्रंथियों का विकास |
| (c) वृद्धि हॉर्मोन | (iii) ऊँचाई में वृद्धि |
| (d) इंसुलिन | (iv) शर्करा के स्तर को नियंत्रित करता है |

**विकल्प :**

(1) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

(2) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

(3) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

(4) a-iv, b-ii, c-i, d-iii

**105.** Match **Column A** with **Column B** :

| **Column A** (Situation) | | **Column B** (Correct practice/ Concept) |
|---|---|---|
| (a) A farmer's field shows yellowing of leaves. | i. | Use of crop rotation to restore fertility |
| (b) A village faces frequent droughts. | ii. | Application of nitrogen-rich fertilizers |
| (c) Weeds cover a field of wheat. | iii. | Use of hoe or weedicides like 2,4-D |
| (d) Sugarcane is attacked by stem borers. | iv. | Use of insecticides/pest management |
| (e) Paddy is grown in standing water. | v. | Crop choice based on climatic needs |

**Options :**

(1) a-ii, b-i, c-iii, d-iv, e-v

(2) a-ii, b-i, c-iv, d-iii, e-v

(3) a-ii, b-v, c-iii, d-iv, e-i

(4) a-ii, b-i, c-iii, d-v, e-iv

**106.** A concave mirror can form which type of image ?

(1) Only Real

(2) Only Virtual

(3) Neither Real nor Virtual

(4) Both Real and Virtual

**105.** **कॉलम A** को **कॉलम B** से सुमेलित कीजिए :

| **कॉलम A** (स्थिति) | | **कॉलम B** (सही अभ्यास / अवधारणा) |
|---|---|---|
| (a) एक किसान के खेत में पत्तियाँ पीली पड़ रही हैं। | i. | उर्वरता बहाल करने के लिए फसल चक्र |
| (b) एक गाँव में बार–बार सूखा पड़ता है। | ii. | नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों का प्रयोग |
| (c) गेहूँ के खेत में खर–पतवार उग आए हैं। | iii. | कुदाल या 2,4-D जैसे खर–पतवार नाशकों का प्रयोग |
